तिथि: 15.07.19, स्थान: दिल्ली शाखा इन्कम्बैन्ट

# unitech

यूनिटेक लिमिटेड
CIN:L74899DL1971PLC009720
पंजी. कार्यालय : बेसमेन्ट, 6, कम्युनिटी सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली-110017
टेली.:/फैक्स: 011-26857338; ईमेल: share.dept@unitechgroup.com
वेब : www.unitechgroup.com

## सूचना

कम्पनी (प्रबंध तथा प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 22 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के लागू हाने वाले विनियमनों के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 110 के प्रावधानों के अनुपालन में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पोस्टल बैलॅट सूचना तिथि 9 जुलाई, 2019 में विनिर्दिष्ट प्रस्ताव को पोस्टल बैलॅट/इलेक्ट्रानिक मतदान (ई-वोटिंग) द्वारा पारित किया जाने का प्रस्ताव है।

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि क) कम्पनी ने स्वीकृत पद्धति में पोस्टल बैलॅट प्रपत्रों तथा पूर्व-प्रदत्त डाक शुल्क युक्त स्व-पता लिखित जवाबी लिफाफे के साथ पोस्टल बैलॅट सूचना का प्रेषण 15 जुलाई, 2019 को पूरा कर लिया है; ख) सदस्यों को ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिये कम्पनी ने नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लि. (एनएसडीएल) को नियुक्त किया है। मतदान अवधि (पोस्टल बैलॅट/ई-वोटिंग द्वारा) मंगलवार, 16 जुलाई, 2019 को 9.00 बजे पूर्वा. में शुरू होगी तथा बुधवार, 14 अगस्त, 2019 को 5.00 बजे अप. में बंद होगी; ग) जिन सदस्यों को पोस्टल बैलॅट प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ हो, वे डूप्लिकेट पोस्टल बैलॅट प्रपत्र के लिये कम्पनी के पास आवेदन करें अथवा उसे कम्पनी की वेबसाईट www.unitechgroup.com से अथवा एनएसडीएल की वेबसाईट www.evoting.nsdl.com से डाउनलोड करें; घ) यदि किसी सदस्य को पोस्टल बैलॅट प्रपत्र प्राप्त हुआ हो, लेकिन वे ई-वोटिंग सुविधा प्राप्त करने के इच्छुक हों, वे पोस्टल बैलॅट प्रपत्र पर दी गई यूजर नेम तथा पास्वर्ड का उपयोग कर ऐसा कर सकते हैं। ड.) ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के इच्छुक सदस्य बुधवार, 14 अगस्त, 2019 के 5.00 बजे अप. तक अपना मतदान कर सकते हैं; च) विधिवत पूर्ण एवं हस्ताक्षरित पोस्टल बैलॅट प्रपत्र बुधवार, 14 अगस्त, 2019 के 5.00 बजे अप. तक पर्यवेक्षक के पास पहुंच जाना चाहिए; छ) उक्त तिथि के बाद सदस्यों से प्राप्त कोई भी पोस्टल बैलॅट प्रपत्र वैध नहीं होगा तथा उक्त तिथि के बाद चाहे पोस्टल बैलॅट अथवा ई-वोटिंग द्वारा मतदान की अनुमति नहीं दी जायेगी; ज) मताधिकार की गणना कट-ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 5 जुलाई, 2019 को कम्पनी के सदस्य के नाम में दर्ज शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर की जायेगी; झ) जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि को सदस्य नहीं हैं; वे इस सूचना को केवल जानकारी के उदेश्य से देखें; झ) कोई भी सदस्य डाक तथा ई-वोटिंग दोनों प्रक्रिया से मतदान नहीं कर सकते हैं तथा यदि कोई सदस दोनों पद्धति से मदतान करते हैं तो डाक द्वारा उनका मत अवैध माना जायेगा; ञ) पोस्टल बैलॅट सूचना कम्पनी की वेबसाईट www.unitechgroup.com, स्टॉक एक्सचैंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाई www.bseindia.com तथा नेशनल स्टॉक एक्सचैंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाईट www.nseindia.com के साथ ही साथ नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड की वेबसाईट: www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

स्वच्छ तथा पारदर्शी प्रक्रिया में ई-वोटिंग तथा पोस्टल बैलॅट प्रक्रिया का संचालन करने के लिये श्री दीपक गुप्ता (सदस्यता सं. एफ5339/प्रैक्टिश प्रमाणपत्र सं. 4629, पार्टनर, डीआर एसोसिएट्स, कम्पनी सेक्रेट्रीज को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

ई-वोटिंग के निर्देशों के लिये सदस्यों से आग्रह है कि पोस्टल बैलॅट सूचना में दिये गये निर्देशों को देखें तथा ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्नों/समस्याओं के लिये सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड खंड में उपलब्ध सदस्यों के लिये "Frequently Asked Questions (FAQ's) तथा "ई-वोटिंग यूजर मैन्युअल" देखें अथवा टोल फ्री नं. 1800-222-990 पर कॉल करें अथवा सुश्री सोनी सिंह, सहा. प्रबंधक, फोन: 022-24994559, ईमेल: evoting.nsdl.com अथवा श्री ऋषि देव, कम्पनी सचिव, ई-मेल आईडी: share.dept@unitechgroup.com, टेलीफोन नं.: 0124-4726860 से सम्पर्क करें। पोस्टल बैलॅट परिणाम की घोषणा 16 अगस्त, 2019 को या उससे पूर्व की जायेगी। इन परिणामों को कम्पनी की पंजीकृत कार्यालय तथा कॉर्पोरेट कार्यालय में प्रदर्शित किया जायेगा तथा स्टाक एक्सचैंजों (बीएसई एवं एनएसई) को सूचना दी जायेगी। पर्यवेक्षक के रिपोर्ट के साथ उक्त परिणामों को कम्पनी की वेबसाईट www.unitechgroup.com के साथ ही साथ नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड की वेबसाईट www.evoting.nsdl.com पर भी प्रदर्शित किया जायेगा।

यूनीटेक लिमिटेड के लिये
रमेश चन्द्रा
कार्यकारी अध्यक्ष

स्थानः गुरुग्राम
तिथि: 16.07.2019